राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 18.11.2020

आयोग द्वारा **फिजियोथेरेपिस्ट संवीक्षा परीक्षा, 2018 (TSP & Non TSP) दिनांक 23.11.2020 को** प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक, **कृषि अनुसंधान अधिकारी– कृषि रसायन संवीक्षा परीक्षा, 2020 दिनांक 24.11.2020 को** प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक एवं **निरीक्षक कारखाना एवं बायलर्स संवीक्षा परीक्षा, 2020 का आयोजन दिनांक 25.11.2020** को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक **अजमेर एवं जयपुर** जिला मुख्यालय पर आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षाओं के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये है।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Admit Card लिंक पर जाकर आवेदन–पत्र क्रमांक (Application No.) व जन्म दिनांक से डाउनलोड कर लेवें। अभ्यर्थी https://sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment portal लिंक का चयन कर भी संबंधित परीक्षा का प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते है। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर एक फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र अवश्य लेकर परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन कर लेवें।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना (COVID-19) के संबंध में जारी गाईडलाईन की पूर्णतः पालना करें एवं परीक्षा केन्द्र पर मास्क लगाकर उपस्थित होवें।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव